# इलेक्ट्रॉनिक्स व मैकेनिकल इंजीनियर्स महानिदेशालय

## एचक्यू तकनीकी ग्रुप ईएमई

### इलेक्ट्रॉनिक्स व मैकेनिकल इंजीनियर्स के कॉर्प्स में ग्रुप 'ग' पदों में सीधी भर्ती

1. प्रत्यके पदों के सामने एचक्यू तकनीकी ग्रुप ईएमई, दिल्ली छावनी, पिन-110010 में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित है.

| आवेदन अग्रेषित करने के लिए प्रतिष्ठान की इकाई/डाक पता | कार्य स्थल | पद | कुल रिक्ति | रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित रिक्ति | | अजा | अजजा | अपिव | के लिए आरक्षण सहित |
| | | | | अना | ईडब्ल्यूएस | | | | |
| क | ख | ग | घ | च | छ | ज | झ | ट | ठ |
| एचक्यू तकनीकी ग्रुप ईएमई, दिल्ली छावनी, दिल्ली 110010 | बैंगलोर और दिल्ली छावनी | टेलीकॉम मैकेनिक (हाइली स्किल्ड-II) | 02 | 02 | - | - | - | - | - |
| | जबलपुर | आर्मामेंट मैकेनिक (हाइली स्किल्ड-II) | 01 | 01 | - | - | - | - | - |
| | दिल्ली छावनी | मल्टी टास्किंग स्टाफ | 04 | 04 | - | - | - | - | - |

नोट: लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र निम्नानुसार है:

| परीक्षा केन्द्र का स्थान |
|---|
| एचक्यू तकनीकी ग्रुप ईएमई, दिल्ली छावनी, दिल्ली, पिन-110010 |

**प्रयुक्त संक्षिप्ति:** अना- अनारक्षित **कृपया ध्यान दें:** रिक्तियों की संख्या बदल सकती है और नियोक्ता के पास कोई भी कारण बताए बिना अधिसूचना को निरस्त करने या संशोधित करने का अधिकार है.

**पात्रता मानदंड:**

2. पदों के लिए न्यूनतम/अनिवार्य "शैक्षिक योग्यता" और "वांछनीय योग्यता/अनुभव" निम्नानुसार है:

| क्र. सं | पद | योग्यताएं |
|---|---|---|
| क. | टेलीकॉम मैकेनिक (हाइली स्किल्ड-II) | **अनिवार्य:**10+2 में पास के साथ संबंधित व्यवसाय या ग्रेड में मान्यताप्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रमाणपत्र<br>या<br>सशस्त्र सेना कार्मिक या उपयुक्त व्यवसाय और ग्रेड I में न्यूनतम से भूतपूर्व सैनिक.<br>**वांछनीय योग्यता:** रोजगार व प्रशिक्षण महानिदेशालय, श्रम व रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार से नेशनल काउंसिल फॉर ट्रेनिंग इन द वोकेशनल ट्रेड्स प्रमाणपत्र. |
| ख. | आर्मामेंट मैकेनिक (हाइली स्किल्ड-II) | **अनिवार्य:** 10+2 में पास के साथ फिटर व्यवसाय या ग्रेड में मान्यताप्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रमाणपत्र.<br>या<br>सशस्त्र सेना कार्मिक या उपयुक्त व्यवसाय और ग्रेड I में न्यूनतम से भूतपूर्वसैनिक.<br>**वांछनीय योग्यता:** रोजगार व प्रशिक्षण महानिदेशालय, श्रम व रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार से नेशनल काउंसिल फॉर ट्रेनिंग इन द वोकेशनल ट्रेड्स प्रमाणपत्र. |
| ग. | मल्टी टास्किंग स्टाफ (ड्राफ्टरी/मेसेंजर/सर्चर /माली/सफाईवाला/ चौकीदार/बुक बाइंडर) | **अनिवार्य:** मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक पास या समकक्ष. **वांछनीय योग्यता:** संबंधित व्यवसाय के कार्यों से अवगत होने के साथ व्यवसाय में एक वर्ष का अनुभव. |

3. **वेतनमान (7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार)**

   **क.** क्रम संख्या 2(क) से 2(ख) में पद-वेतन मैट्रिक्स लेवल 4 [वेतन बैंड-1 रुपये 5200-20200(ग्रेड वेतन रुपये 2400/-)]

   **ख.** क्रम संख्या 2(ग) में पद-वेतन मैट्रिक्स लेवल 1 [वेतन बैंड-1 रुपये 5200-20200(ग्रेड वेतन रुपये 1800/-)]

4. **आयु सीमा:** 18 से 25 वर्ष.

5. **आयु में छूट:** भूपूसै सहित समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार.

| | |
|---|---|
| भूतपूर्वसैनिक(भूपूसै) | भूपूसै के लिए वास्तविक आयु में से सेवा की अवधि को कम करने के बाद परिणाम आयु, निर्धारित आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. आयु की गणना उस श्रेणी के अनुसार की जाएगी जिसके लिए आवेदन किया गया है. |
| विभागीय उम्मीदवार | केन्द्र सरकार में तीन वर्ष की नियमित सेवा के साथ विभागीय उम्मीदवारों को 40 वर्ष तक की आयु में छूट दी जाएगी (अजा/अजजा के लिए 45 वर्ष). |
| विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पति से न्यायिक रूप से अलग रह रही और जिन्होंने दोबारा शादी नहीं की | 35 वर्ष तक की आयु में छूट (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 40 वर्ष तक) |

नोट:

(i) अनारक्षित पद के लिए आवेदन कर रहे अजा/अजजा/**अपिव उम्मीदवारों को** अजा/अजजा/अपिव के लिए रखी गई आयु में छूट और अन्य रियायत नहीं दी जाएगी.

(ii) आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथि, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी.

(iii) आयु में छूट केवल उन उम्मीदवारों के मामले में लागू होगी जो जाति/श्रेणी का वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं.

(iv) आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा भरी गई जन्मतिथि और मैट्रिक परीक्षा प्रमाणपत्र में रिकॉर्ड की गई समान तिथि को आयु निर्धारित करने के लिए विचार किया जाएगा और बाद में किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

6. उक्त उल्लिखित पद **"अखिल भारत स्थानांतरण देयता और फील्ड सेवा देयता नियम"** पर हैं. **चयनित उम्मीदवार को संगठन की रूचि पर किसी भी "इकाई या स्थान" में पोस्ट किया जा सकता है. किसी भी प्रतिनिधित्व पर विचार नहीं किया जाएगा.**

7. आवेदन कैसे करें:

(क) उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार ए4 आकार के कागज पर विधिवत टाइप किए गए आवेदन के साथ रूपये 5/- की डाक मुहर के साथ एक स्वपता लिखित लिफाफा (आकार 10.5 X 25 सेमी) सामान्य डाक द्वारा आवेदित पद के सामने उल्लिखित पते पर लिफाफे में उचित तरीके से मुहरबंद करके अग्रेषित किया जाए. उम्मीदवार को आवेदन पत्र भेजते समय आवेदन पत्र के ऊपर "........................................ **के पद हेतु आवेदन**" अंकित करने का अनुरोध किया जाता है.

(ख) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **21 दिन** (रविवार और छुट्टी सहित) और असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू व कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला के लाहौल व स्पीति जिला और पंगी उपप्रभाग; अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में रह रहे उम्मीदवारों के लिए **28 दिन** (रविवार और छुट्टी सहित) है. 21/28 दिन की गणना करने के लिए 'रोजगार समाचार' में इस विज्ञापन के पहले दिन को माना जाएगा. यदि अंतिम तिथि के दिन छुट्टी है तो अगले कार्यदिवस को आवेदन प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि माना जाएगा.

8. केवल एक व्यवसाय के लिए उम्मीदवारों को आवेदन **करने की अनुमति होगी और एक बार** जमा किए गए आवेदनों में किसी भी परिस्थिति में संशोधन **नहीं किया जाएगा. कोई भी आवेदन** व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नहीं किया जाएगा.

9. केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू में कार्यरत व्यक्तियों को चयन के समय भर्ती एजेंसी को अपने वर्तमान संगठन के सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त "एनओसी" दस्तावेज देने होंगे.

महत्वपूर्ण पहलू

10. आवेदनों को पैरा 2 में दिए गए **अनिवार्य योग्यता के आधार पर लघुसूचीबद्ध** किया जाएगा और प्रवेश पत्र तदनुसार जारी किया जाएगा. अतिरिक्त/उच्च योग्यता को कोई महत्व नहीं दिया जाएगा.

11. अनिवार्य योग्यता को पूरा कर लेने मात्र से उम्मीदवार स्वतः परीक्षा के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा.

12. आवेदन की अस्वीकृति/देर से प्राप्त होने के मामले में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को उनके आवेदन की अस्वीकृति के मामले में सूचित नहीं किया जाएगा और इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(शेष पृष्ठ 31 पर)

(पृष्ठ 30 का शेष)

13. अपूर्ण/अपाठ्य आवेदनों को अवैध माना जाएगा और उम्मीदवार को सूचना दिए बिना अस्वीकार कर दिया जाएगा.

14. सही विज्ञापन संदर्भ संख्या के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

15. एक से अधिक जीवित पत्नी वाले पुरुष और एक से अधिक जीवित पति वाली महिलाएं नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे.

16. किसी भी रूप में सिफारिश उम्मीदवारी को अयोग्य कर देगी. किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

17. उम्मीदवार आवेदन के साथ सभी तथ्य सही डाटा और सही प्रमाणपत्र/दस्तावेज देने के लिए जिम्मेदार होंगे. उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत डाटा, झूठे प्रमाणपत्र/दस्तावेज या अपूर्ण प्रमाणपत्र/दस्तावेज देना उसकी उम्मीदवारी को स्वतः अस्वीकृत कर देगा. **चयन बोर्ड इस संदर्भ में उम्मीदवार की तरफ से किसी भी चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.**

18. प्रत्येक व्यवसाय के लिए बायोमैट्रिक की तिथि और स्थान, दस्तावेज सत्यापन, लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा (जहां लागू है) प्रवेशपत्र द्वारा सूचित की जाएगी जो आवेदन के साथ उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ दिए गए लिफाफे में सामान्य डाक और इलैक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा भेजा जाएगा. उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि पत्राचार पता, ईमेल आईडी और आवेदन पत्र में दिए गए फोन नंबर भविष्य के पत्राचार के लिए वैध रहें.

परीक्षा

19. लिखित परीक्षा ऑफलाइन होगी (ऑप्टिकल मार्क रेकगनिशन (ओएमआर) आधारित) और 150 अंकों के लिए ''वस्तुनिष्ठ प्रकार'' के साथ प्रत्येक गलत जवाब के लिए 0.25 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी. **उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए अपना पेन, पेंसिल और क्लिपबोर्ड साथ लाना होगा.** परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी. प्रश्न पत्र द्विभाषी होगा अर्थात् अंग्रेजी और हिन्दी और पाठ्यविवरण पैरा 2 में प्रत्येक पद के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता के अनुसार होगा. प्रश्नपत्र निम्नानुसार "बहु विकल्प प्रकार" का होगाः

**क. टेलीकॉम मैकेनिक(हाइली स्किल्ड-II) और आर्मामेंट मैकेनिक(हाइली स्किल्ड-II) के पदों के लिए प्रश्नपत्र निम्नानुसार होगाः**

| पेपर | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| भाग-I | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | 25 | 25 |
| भाग-II | सामान्य जागरूकता | 25 | 25 |
| भाग-III | सामान्य अंग्रेजी | 25 | 25 |
| भाग-IV | संख्यात्मक अभिक्षमता | 25 | 25 |
| भाग-V | व्यवसाय स्पेसिफिक | 50 | 50 |
| | | 150 | 150 |

**ख. मल्टी टास्किंग स्टाफ(एमटीएस) के पदों के लिए प्रश्नपत्र निम्नानुसार होगाः**

| पेपर | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| भाग-I | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | 50 | 50 |
| भाग-II | सामान्य जागरूकता | 50 | 50 |
| भाग-III | सामान्य अंग्रेजी | 25 | 25 |
| भाग-IV | संख्यात्मक अभिक्षमता | 25 | 25 |
| | | 150 | 150 |

नोटः

20. लिखित परीक्षा सभी व्यवसायों के लिए आयोजित होगी. चयन समिति के पास पेपर के किसी या सभी भागों में न्यूनतम अर्हक अंक निश्चित करने का विवेक है. **कौशल परीक्षा (जहां लागू है) उन उम्मीदवारों के लिए आयोजित होगी जो लिखित परीक्षा में पास होते हैं और मेरिट में आते हैं. कौशल परीक्षा (जहां लागू है) प्रकृति में अर्हक होगी और उम्मीदवार जो कौशल परीक्षा में अर्हता प्राप्त नहीं करते हैं वे चयन के लिए पात्र नहीं होंगे.**

21. स्कोर के पुनः आंकलन और पुनः जांच के लिए कोई प्रावधान नहीं होगा. इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. **चयन/ अस्वीकृति संबंधी नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा.**

22. कोई भी परिवहन भत्ता/महंगाई भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा. लिखित/कौशल परीक्षा(जहां लागू है) दो(02) से पांच(05) या अधिक दिन के लिए होगी और अलग-अलग तिथियों पर हो सकती है. उम्मीदवारों को परीक्षा के सभी प्रकारों के आयोजन के दौरान खुद के आवास/भोजन की व्यवस्था खुद करनी होगी.

23. उम्मीदवारों को बायोमैट्रिक, दस्तावेज सत्यापन, लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा(जहां लागू है) के लिए रिपोर्ट करते समय पुष्टिकरण के लिए पहचान प्रमाण(या पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ ''प्रवेश पत्र'' लाना होगा, पहचान प्रमाण में नाम आवेदन में दिए गए नाम के समान होना चाहिए.

24. बायोमैट्रिक विवरण को दस्तावेज सत्यापन के पहले दिन किया जाएगा और बायोमैट्रिक सत्यापन लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा (जहां लागू है) के लिए उम्मीदवार के रिपोर्ट करने के बाद के दिनों में और चयनित उम्मीदवार द्वारा इकाई में रिपोर्ट करने पर किया जाएगा.

25. परीक्षा के किसी भी भाग सहित भर्ती प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर किसी पूर्व सूचना/कोई भी कारण बताए बिना निरस्त/स्थगित/निलंबित /समाप्त किया जा सकता है.

26. अस्थायी रूप से चयनित उम्मीदवारों को भर्ती प्रतिष्ठान द्वारा सूचित तिथि और समय पर विधिवत स्वसत्यापित निम्नलिखित दस्तावेज/प्रमाणपत्र की मूल और फोटोप्रति प्रस्तुत करनी होगीः

(क) जन्मतिथि के समर्थन में मैट्रिक प्रमाणपत्र/नगरपालिका जन्म प्रमाणपत्र.

(ख) आधार कार्ड.

(ग) आवेदित पद के सामने उल्लिखित शैक्षिक योग्यता की अंकतालिका.

(घ) वांछनीय योग्यता के लिए कोई भी प्रमाणपत्र.

(च) भूतपूर्व सैनिक के मामले में सेवामुक्ति प्रमाणपत्र.

(छ) सेवारत सशस्त्र सेना कार्मिक, यदि लागू है सहित सरकारी कर्मचारी के मामले में अपने वर्तमान नियोक्ता/सक्षम प्राधिकारी से मूल एनओसी.

(ज) विधवा, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पति से न्यायिक रूप से अलग रह रही महिलाओं के मामले में तलाक या न्यायिक अलगाव, जैसा भी मामला हो, के तथ्य को प्रमाणित करता उपयुक्त न्यायालय के निर्णय/डिग्री की प्रमाणित प्रति. अजा/अजजा/अपिव(अपिव के लिए नॉन क्रीमी लेअर)/ईडब्ल्यू एस या अन्य कोई आरक्षण प्रमाणपत्र, यदि लागू है.

(झ) पता का प्रमाण(पासपोर्ट/राशन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस).

27. चयन पर उम्मीदवार, क्षेत्र सेवा बाध्यता सहित भारत में कही भी स्थानांतरित होने के लिए बाध्य होंगे और जरूरी नहीं कि आवेदन के समय दिए गए स्थान का विकल्प हो.

28. भर्ती से संबंधित शिकायत की सुनवाई के लिए कोई भी प्रतिनिधित्व दिल्ली छावनी क्षेत्र के जिला न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा जहां उम्मीदवार ने आवेदन जमा किया है.

29. इकाई, भर्ती प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार को लगी चोट/मृत्यु के मामले में किसी भी मुआवजे का भुगतान करने के लिए बाध्य/जिम्मेदार नहीं होगी.

**आवेदन पत्र**

**(साफ-साफ टाइप या हाथ से लिखा हुआ)**

**(सीबीसी विज्ञापन सं.:.......................................)**

**सेवा में,**
**एचक्यू तकनीकी ग्रुप ईएमई,**
**दिली छावनी, दिल्ली,**
**पिन-110010**

आवेदक का हाल का पोसपोर्ट आकार का फोटो

1. आवेदित पदः ..............................................................
2. उम्मीदवार का नाम ........................................................
(बड़े अक्षरों में)
3. (क) पिता/पति का नामः....................................................
(ख) माता का नामः.........................................................
4. जन्मतिथि(दिन/माह/वर्ष): ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
5. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयुः वर्ष............माह............दिन................
6. लिंग
7. राष्ट्रीयताः.................................................................

| 9. पत्राचार पता | 10. स्थायी घर का पताः |
|---|---|
| ............................................ | ............................................ |
| पिन................राज्य.......................... | पिन................राज्य.......................... |
| संपर्क/मोबाइल सं.................................. | संपर्क/मोबाइल सं.................................. |
| ईमेल आईडी........................................ | ईमेल आईडी........................................ |

11. श्रेणी (अना): ........
**प्रयुक्त संक्षिप्तिः अनाःअनारक्षित,**
12. कॉम्बटेंट सेवा की अवधिः वर्ष__________ माह__________ दिन__________
(केवल भूपुसै के लिए लागू)
नामांकन की तिथि(सेना/नौसेना/वायु सेना में)__________
सेवानिवृत्ति की तिथिः..................................
डिस्चार्ज प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें.

(शेष पृष्ठ 32 पर)